विद्याभवन बालिका विद्यापीठ लखीसराय

कक्षा – षष्ठ दिनांक -14 - 08- 2021

विषय -हिन्दी विषय शिक्षक -पंकज कुमार

एन, सी, ई, आरटी, पर आधारित

सुप्रभात बच्चों आज रहीम जी के जीवन परिचय के बारे में अध्ययन करेंगे।

रहीम दास की जीवनी एक नज़र में

नाम	रहीम दास
पूरा नाम	अब्दुल रहीम खान-ए-खाना
जन्म और स्थान	17 दिसम्बर 1556, लाहोर (पाकिस्तान)
पिता का नाम	बैरम खान
माता का नाम	सुल्ताना बेगम (जमाल खान की छोटी बेटी)
पत्नी का नाम	माहबानो
बच्चे	–
कार्यक्षेत्र	कवि
काल	भक्ति

धर्म	इस्लाम
विधा	दोहा और कविता
उपलब्धि	अकबर के नवरत्नों में से एक
मृत्यु	1 अक्टूबर 1627 (उम्र 70), आगरा

रहीम दास कौन थे?

रहीम दास जी का पूरा नाम अब्दुल रहीम खान-ए-खाना है। रहीम दास जी एक कवि के साथ-साथ अच्छे सेनापति, आश्रयदाता, दानवीर, कूटनीतिज्ञ, कलाप्रेमी, साहित्यकार और ज्योतिष भी थे।

रहीम दास जी मुगल बादशाह अकबर के नवरत्नों में से एक थे। रहीम दास जी अपने हिंदी दोहों से काफी मशहूर भी थे और इन्होने कई सारी किताबें भी लिखी थी। इनके नाम पर पंजाब में एक गांव का नाम भी खानखाना रखा गया है।

रहीम दास का जन्म और परिवार

रहीम दास जी का पूरा नाम अब्दुल रहीम खान-ए-खाना है और इनका जन्म 17 दिसम्बर 1556 को लाहोर में हुआ था। जो लाहोर अभी पाकिस्तान में स्थित है। इनके पिता का नाम बैरम खान और माता का नाम सुल्ताना बेगम था।

बैरम खान एक तुर्की परिवार से थे और हुमायूँ की सेना में शामिल हो गये थे। बैरम खान अकबर किशोरावस्था में सरंक्षक के रूप में भी थे। बैरम खान ने हुमायूँ की मुगल साम्राज्य को वापस स्थापित करने में सहायता की थी।